e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:–01/भू0अ0नि0 (3) विविध (स्पष्टीकरण)–17/2021.....4456

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
मुंगेर, शेखपुरा।

पटना, दिनांक :– 14-12-2021

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार अभिलेख में पाई गई त्रुटियों के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के माध्यम से सर्वप्रथम मुंगेर एवं शेखपुरा जिले के क्रमशः असरगंज, शिविर संख्या–02 के राजस्व ग्राम सुजआ जागीरदारी, थाना संख्या–61 एवं बरबीघा, शिविर संख्या–03 के राजस्व ग्राम–गोविन्दपुर, थाना संख्या–72 के अंतिम अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र प्रकाशित किया गया। अंतिम प्रकाशन की इस प्रक्रिया में अंतिम रूप से लगान निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् प्रपत्र–20 में अंतिम रूप से प्रकाशित किए जाने के पूर्व भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर के माध्यम से निदेशालय द्वारा किए गए अनुश्रवण के क्रम में अधिकार अभिलेख में निम्नांकित त्रुटियाँ पाई गईः–

1. प्रपत्र–6 के कॉलम नं0–4 में रैयतों का अंश प्रदर्शित किया गया है।
2. धारण का प्रकार, जाति, भौतिक विवरणी, भूमि का वर्गीकरण, नवैयत, वर्त्तमान में भूमि के उपयोग का स्वरूप एवं पार्सल यूनिक के कुछ कॉलमों में Dropdown में Selection नहीं किया गया है।
3. एक ही रैयत के एक से ज्यादा खेसरा रहने की स्थिति में प्रपत्र–6 में Reference Khesra की प्रविष्टि नहीं की गई है।

उक्त पाई गई त्रुटियों के अवलोकन से स्पष्ट है कि अंतिम अधिकार अभिलेख के अंतिम प्रकाशन तक की प्रक्रिया संधारित किए जाने में पूर्व किसी भी स्तर पर इन त्रुटियों की पहचान नहीं की गई एवं इन्हें दूर करने का प्रयास भी नहीं किया गया। इस तरह की कार्रवाई से त्रुटिरहित अधिकार अभिलेख का प्रकाशन किये जाने के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

अतः अंतिम रूप से प्रकाशित ग्रामों सजुआ जागीरदारी एवं गोविन्दपुर के शिविर प्रभारी, कानूनगो एवं संबंधित अमीन से कारण पृच्छा करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में अपने मंतव्य के साथ एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।

(जय सिंह) 14/12/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांक: 01/भू0अ0नि0 (3) विविध (स्पष्टीकरण)–17/2021.....4456.....**पटना, दिनांक** 14-12-2021

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/एल0आई0एस0 सलाहकार/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 14/12/21

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar. ASO\Director\file no 17 2021 14.12.2021.doc